**Setting up Bench of Supreme Court in the South**

727. SHRI SKARIAH THOMAS:
PROF. P. J. KURIEN:

Will the Minister of LAW, JUSTICE AND COMPANY AFFAIRS be pleased to state:

(a) at what stage is the proposal to set up a permanent Bench of the Supreme Court in the South; and

(b) the time by which it is likely to start?

THE MINISTER OF LAW, JUSTICE AND COMPANY AFFAIRS (SHRI JAGAN NATH KAUSHAL): (a) and (b) Article 130 of the Constitution provides that 'the Supreme Court shall sit in Delhi or in such other place or places, as the Chief Justice of India may, with the approval of the President, from time to time, appoint'. No proposal in this regard has been received from the Chief Justice of India.

**Silent Valley Project**

728. SHRI K. A. RAJAN: Will the Minister of ENERGY be pleased to state:

(a) whether the Kerala State Electricity Minister had met him recently in connection with the implementation of the proposed Silent Valley Project in the State; and

(b) if so, the details of the discussion that took place and Government's reaction thereto?

THE MINISTER OF ENERGY (SHRI A. B. A. GHANI KHAN CHOUDHURY): (a) Kerala Minister of Electricity met Union Minister of Energy on 18th June, 1982. The question of implementation of Silent Valley Hydro-Electric Project, did not figure during the discussions.

(b) Does not arise.

**इलेक्ट्रोनिक मतदान मशीन का भविष्य में प्रयोग**

729. **श्री नरसिंह मकवाना:** क्या विधि, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि इलेक्ट्रोनिक मतदान मशीन का प्रयोग कहां तक सफल सिद्ध हुआ है तथा इस मशीन का भविष्य में प्रयोग करने के लिए बनाई गई योजना का ब्यौरा क्या है?

**विधि, न्याय और कंपनी कार्य मंत्री (श्री जगन नाथ कौशल):** निर्वाचन आयोग ने बताया है कि इलेक्ट्रानिक कारपोरेशन आफ इंडिया लिमिटेड/भारत इलेक्ट्रानिक लिमिटेड द्वारा विनिर्मित इलेक्ट्रानिक मतदान मशीनों का आजमाइश के रूप में परीक्षण 19 मई, 1982 को विधान सभा के लिए हुए साधारण निर्वाचन में केरल राज्य में परूर सभा निर्वाचन क्षेत्र के कुछ भाग में किया गया था और यह कि ये मशीनें मतदाताओं द्वारा ग्राह्यता, मतदान में गोपनीयता और दक्षता बनाए रखने की दृष्टि से सफल साबित हुई हैं।

आयोग का प्रस्ताव है कि पर्याप्त धन और मशीनें उपलब्ध होने पर इस परीक्षण को एक विस्तृत क्षेत्र में अर्थात यदि संभव हो सके तो, भविष्य में होने वाले साधारण निर्वाचन/उपनिर्वाचन में सुविधानुसार किसी संपूर्ण संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में जारी रखा जाए। आयोग भविष्य में मशीनों के प्रयोग के लिए योजना का ब्यौरा इन परिक्षणों के परिणाम के आधार पर तैयार करेगा।

**इन्दौर और धूलिया में दूरदर्शन केन्द्र**

730. **श्री शिव कुमार सिंह ठाकुर:** क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मध्य प्रदेश के इन्दौर में और महाराष्ट्र के धूलिया में दूरदर्शन रिले केन्द्र कब से काम करना शुरू कर देंगे; और

(ख) क्या मध्य प्रदेश के खंडवा जिले को भी इन रिले-केन्द्रों से लाभ पहुंचेगा ?

**सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री वसन्त साठे):** (क) अगले 20 वर्षों में चार चरणों में देश में दूरदर्शन के विस्तार की भावी